PEARL
**PEARL Polymers Limited**

**PET** POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

**Regd. Office:** A-97/2, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020, INDIA
**CIN:** L25209DL1971PLC005535
**Tel. No.:**+91-11-47385300
**Email:** pearl@pearlpet.net, **Website:** www.pearlpet.net

November 11, 2023

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C1, G Block<br>Bandra, Kurla Complex<br>Bandra (East), Mumbai- 400051<br><br>**(Stock Code: PEARLPOLY)** | **BSE Ltd.**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>25th Floor, Dalal Street,<br>Mumbai-400001<br><br>**(Stock Code: 523260)** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: Publication of financial results in Newspaper(s)**

**Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

We are enclosing copy of newspaper publication(s) with regard to the financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2023, as approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 10th November, 2023 published in the following newspapers:

a) English language National daily newspaper: 'Financial Express', dated November 11, 2023

b) Regional Language daily newspaper: 'Hari Bhoomi' dated Npvember 11, 2023.

We request you to kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Pearl Polymers Limited

Aman Thakran Digitally signed by Aman Thakran Date: 2023.11.11 18:03:55 +05'30'

Aman Thakran
Company Secretary

Encl: As above





वर्ल्ड कप

राासी ने खेली नाबाद 76 रन की पारी

# अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया, जेराल्ड ने झटके चार विकेट

भाषा ▶▶| अहमदाबाद



पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में अफगानिस्तान से मिली चुनौती को पांच विकेट से पस्त कर दिया। अफगानिस्तान की टीम युवा आल राउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई ने नाबाद 97 रन की पारी के बाद 50 ओवर में 244 रन पर सिमट गयी। दक्षिण अफ्रीका ने रासी वान डर डुसेन की 95 गेंद में नाबाद 76 रन की पारी की बदौलत यह लक्ष्य 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 247 रन बनाकर हासिल कर लिया। वान डर डुसेन और एंडिले फेलुकवायो ने नाबाद 65 रन की भागीदारी निभाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। फेलुकवायो ने नाबाद 39 रन बनाये। अफगानिस्तान के लिए ओमरजई ने टूर्नामेंट में अच्छी लय जारी रखते हुए 107 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े, हालांकि वह अपने पहले वनडे शतक से चूक गये और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अंतिम ओवर की अंतिम तीन गेंद पर कागिसो रबाडा के खिलाफ कोई रन नहीं बना सके। उन्होंने तब टीम को संभाला जब उसने छह विकेट 116 रन पर गंवा दिये थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे सफल गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी रहे जिन्होंने 10 ओवर में एक मेडन से 44 रन देकर चार विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरूआत की। फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक (47 गेंद में 41 रन) ने मुजीबुर रहमान पर चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे साफ कर दिये थे। उन्होंने नवीनुल हक पर स्क्वायर लेग में शानदार छक्का जड़ा। लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके और मोहम्मद नबी की गेंद पर रिव्यू में पगबाधा आउट हुए। कप्तान तेम्बा बावुमा (28 गेंद में 23 रन) की खराब फॉर्म जारी रही जिन्हें मुजीबुर रहमान ने आउट किया। ऐडन मार्कराम (32 गेंद में 25 रन) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन राशिद खान की गेंद पर नवीनुल हक को कैच थमा बैठे। हेनरिच क्लासेन को राशिद खान ने बोल्ड कर दिया। फिर डेविड मिलर (24 रन) ने वान डर डुसेन का साथ निभाया और 43 रन की साझेदारी की। लेकिन नबी ने मिलर को आउट कर इसे तोड़ दिया। वान डर डुसेन ने फेलुकवायो के साथ मिलकर 15 गेंद रहते टीम की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद टीम ने अच्छी शुरूआत की लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने चार रन के अंदर तीन विकेट झटककर 11वें ओवर में प्रतिद्वंद्वी टीम का स्कोर तीन विकेट पर 45 रन कर दिया। इससे ऐसा लग रहा था कि शाहिदी का फैसला उन पर ही उलटा पड़ गया क्योंकि कप्तान तेम्बा बावुमा ने अपने गेंदबाजों का बखूबी इस्तेमाल किया।

## क्लूजनर और मोर्कल को पीछे छोड़ा



*कोएत्जी ने इस मामले में दिग्गज फास्ट बॉलर लांस क्लूजनर को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप के एक सीजन में 17 विकेट चटकाए थे। कोएत्जी मोर्ने मोर्कल से भी आगे निकल गए हैं। मोर्कल के नाम भी एक सीजन में कुल 17 विकेट दर्ज हैं। कोएत्जी ने अफगानिस्तान के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अफगान टीम के सबसे प्रमुख बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को सस्ते में पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद आखिरी के ओवरों में दो विकेट लेते हुए अफगानिस्तान की पूरी टीम को 244 रन पर समेट दिया।*

## सेमीफाइनल का टिकट कटा चुकी अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका की टीम वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल का टिकट पहले ही कटा चुकी है। टीम ने अब तक खेले 8 मैचों में से छह में जीत का स्वाद चखा है, जबकि सिर्फ दो में टीम को हार झेलनी पड़ी है। साउथ अफ्रीका की सेमीफाइनल में भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया के साथ 16 नवंबर को ईडन गार्डन्स के मैदान पर होनी है। टेंबा बावुमा की कप्तानी टीम सेमीफाइनल में भी यही दमदार खेल दिखाना चाहेगी।

शीर्ष स्कोरर



क्विंटन डिकॉक
591 रन
दक्षिण अफ्रीका

शीर्ष विकेट टेकर



दिलशान मधुशंका
21 विकेट
श्रीलंका

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 |
| द. अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 |

हॉकी



# अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा : सविता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में भले ही दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के साथ रखा गया है लेकिन कप्तान सविता पूनिया का कहना है कि उनकी टीम में इस चुनौती से निपटने की क्षमता है।*


*रांची में 13 से 19 जनवरी तक चलने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के भारतीय चरण में मेजबान टीम छठे नंबर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसमें अन्य टीम न्यूजीलैंड (नौवें), जापान (11वें), चिली (14वें), अमेरिका (15वें), इटली (19वें) और चेक गणराज्य (25वें) हैं। स्पेन के वालेंसिया में भी अन्य आठ टीमें ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। सविता ने कहा, 'हमें अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है और प्रतिद्वंद्वी टीमों की रैंकिंग से हम डरे हुए नहीं हैं। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारत आने वाली सभी मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम जुलाई में जर्मनी से खेले थे इसलिए हम जानते हैं कि हमारी भिड़ंत किससे है।'*

## टीवी पर राय देना आसान : आजम



**कोलकाता।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने उनके नेतृत्वकौशल पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि टीवी पर राय देना आसान होता है और कप्तानी के कारण विश्व कप में उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। पाकिस्तान की अफगानिस्तान के हाथों 8 विकेट की हार और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 271 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाने के बाद बाबर आजम की आलोचना हो रही थी। मोइन खान और शोएब मलिक जैसे पूर्व कप्तानों ने बाबर की कप्तानी की खुलेआम आलोचना की।

## जंपा को खेलना बेहद मुश्किल : विटोरी



**पुणे।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि एडम जंपा का अपनी लेंथ पर शानदार नियंत्रण के कारण विश्व कप में उनका सामना करना बेहद मुश्किल बन गया है। जंपा ने विश्व कप में अभी तक आठ मैच में 20 विकेट लिए हैं जो स्पिन गेंदबाजों में सर्वाधिक हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है और ऐसे में जंपा के पास मौजूदा विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने का मौका है।

## बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप 21 से

**चेन्नई।** आगामी राष्ट्रीय बिलियर्डस एवं स्नूकर चैम्पियनशिप यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 21 नवंबर से आयोजित की जायेगी। यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का 90वां चरण है जो 25 दिसंबर को समाप्त होगा और इसमें हर उम्र समूह के सभी प्रारूपों में करीब 1500 क्यू खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। 2011 के बाद यह इस शहर में पहली बार खेला जाएगा। आदित्य मेहता, रफथ हबीब, विद्या पिल्लई, ब्रिजेश दमानी, श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन और अनुपमा रामचंद्रन जैसे खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगे।

खबर संक्षेप



## निकोल्स पर गेंद से छेड़खानी के आरोप

**वेलिंगटन।** टेस्ट बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को इस सप्ताह एक घरेलू क्रिकेट मैच में गेंद से छेड़खानी का दोषी पाया गया है और उन पर न्यूजीलैंड क्रिकेट की आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। टीवी फुटेज में दिखा कि निकोल्स की केंटरबरी टीम और आकलैंड के बीच प्लंकेट शील्ड मैच के दौरान उन्होंने गेंद को खुरचा था।

# गुरकीरत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलिया के 2016 के दौरे में भारत की तरफ से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले गुरकीरत सिंह मान ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। गुरकीरत ने भारत की तरफ से इन मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के अलावा ऑफ स्पिनर के रूप में 10 ओवर भी किए थे। पंजाब की टीम में अंदर बाहर होने और 2020 से आईपीएल में नहीं खेल पाने के कारण गुरकीरत ने संन्यास लेने का फैसला किया।

### रणजी में दोहरा शतक



*मान ने 2011 में सी के नायडू ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। इसके बाद उन्होंने 2015-16 में रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन खेल दिखाया था और तब एक दोहरा शतक भी जड़ा था। वनडे में पदार्पण करने से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें पदार्पण करने का मौका नहीं मिला।*

### आईपीएल में प्रदर्शन

आईपीएल में वह पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेले। वह 2022 में खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे लेकिन तब उन्होंने कोई मैच नहीं खेला था। आईपीएल में उन्होंने 41 मैचों में 121 की स्ट्राइक रेट से 511 रन बनाए। पंजाब की तरफ से हाल में उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक मैच खेला था। भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब गुरकीरत विदेशी टी20 लीग में अपनी किस्मत आजमाने की कोशिश कर सकते हैं।

# दानिल मेदवेदेव से होगा अलकाराज का सामना

एजेंसी ▶▶| तूरिन



गत चैंपियन नोवाक जोकोविच को सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में घरेलू सितारे यानिक सिनेर से खेलना होगा और उन्हें वर्ष के आखिर में नंबर एक पर रहने के लिये एक ही मैच जीतना है। आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जोकोविच का सामना राउंड रॉबिन चरण में स्टेफानोस सिटसिपास और होल्गर रूने से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज की टक्कर दानिल मेदवेदेव, आंद्रे रूबलेव और अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी। हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा।

# आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को निलंबित किया

भाषा ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हफ्ते भर चले सरकारी हस्तक्षेप के घटनाक्रम के कारण शुक्रवार को अपने पूर्ण सदस्य श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को निलंबित कर दिया। श्रीलंका की संसद ने गुरुवार को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया, जिसमें देश की क्रिकेट संचालन संस्था को बर्खास्त करने की मांग की गई थी। इसमें सरकार और विपक्ष दोनों ने पूरा समर्थन किया था। इससे देश के क्रिकेट की संचालन संस्था में संकट और गहरा गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड ने आईसीसी में श्रीलंका क्रिकेट की सदस्यता तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दी। ' बयान में कहा गया, ''आईसीसी बोर्ड ने आज बैठक की और तय किया कि श्रीलंका क्रिकेट बतौर सदस्य अपने दायित्वों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है, विशेषकर अपने क्रिकेट मामलों को स्वायत्त रूप से संभालने की जरूरत में और यह सुनिश्चित करने में कि श्रीलंका में क्रिकेट के संचालन, नियामक और प्रबंधन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं हो। '' इसमें साथ ही कहा गया, ''आईसीसी बोर्ड द्वारा निलंबन की शर्तों पर आने वाले समय पर फैसला किया जायेगा। '' श्रीलंका की संसद द्वारा पारित प्रस्ताव सरकार के हस्तक्षेप दर्शाता है जो आईसीसी बोर्ड द्वारा श्रीलंका की सदस्यता निलंबित करने के लिए पर्याप्त आधार था। भारत में चल रहे विश्व कप में श्रीलंका के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कई घटनाक्रम देखने को मिले।

## आस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश की चुनौती

**पुणे।** सेमीफाइनल में जगह बना चुकी आत्मविश्वास से ओतप्रोत आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप के आखिरी लीग मैच में शनिवार को शाकिब अल हसन के बिना उतरने वाली बांग्लादेश के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया ने पिछले छह मैचों में शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की है। वहीं बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पैट कमिंस की टीम ने ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद दोहरे शतक के दम पर अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर बांग्लादेश ने तनावपूर्ण मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें कायम रखी हैं। एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट किए जाने से वह मैच काफी तनावपूर्ण हो गया था।

## ब्रिसबेन से वापसी करेगी ओसाका

**ब्रिसबेन।** चार बार की एकल ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल अभ्यास टूर्नामेंट के जरिए टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। टूर्नामेंट अधिकारियों ने पुष्टि की कि ओसाका 31 दिसंबर से सात जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगी।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| N.I.T. No.: | CPM-GSU-W-NIT-05-23-24 |
|---|---|
| **कार्य का नाम:** मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के विभिन्न निर्माण स्थलों पर पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने और अन्य कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी की नियुक्ति हेतु। | |
| अनुमानित लागत | रु.3,03,78,557.25/- |
| धरोहर राशि | रु.3,01,900.00/- |
| समापन अवधि | 15 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 04.12.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 04.12.2023 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्याः– CPM-GSU-W-NIT-05-23-24 दिनांक : 09.11.2023 3529/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली-110002 द्वारा निम्नलिखित काम के लिए एकल चरण दो पैकेट प्रणाली के तहत ईपीसी-निविदा आमंत्रित की जाति है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य और स्थान का नाम:** 160 किमी प्रति घंटा गति वृद्धि के लिए उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन के नई दिल्ली-फरीदाबाद खंड में 2 x 25 के.वी. एटी फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट और पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (SCADA) प्रणाली के प्रावधान के साथ ट्रैक्शन सब स्टेशनों के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु। | |
| 2 | कार्य की पूर्णता अवधि | 12 महीने |
| 3 | लगभग काम की लागत | रु. 48,46,59,372.26 |
| 4 | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 24,23,300 /- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 09.11.2023 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर 11:00 बजे के बाद निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं , यह निविदा 07.12.2023 को 11:00 बजे के बाद खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई- निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 17.11.2023 से 01.12.2023 तक उपलब्ध होगा। उपर्युक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

No. 334-Dy.CEE/C/NDLS/2023-24/EPC(R) दिनांक: 09.11.2023 3523/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535

पंजी. कार्यालय : ए–97/2ए ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–II, नई दिल्ली–110020, भारत

Tel. No.: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746

Email : pearl@pearlpet.net, Web : www.pearlpet.net

30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रू. लाखो में)

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही हेतु 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | 30.06.2023 (अअंकेक्षित) | 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 516.18 | 662.63 | 442.89 | 1,178.81 | 970.37 | 1,949.40 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और असाधारण मदों से पूर्व) | 1.21 | 43.04 | (12.38) | 44.25 | (329.69) | (803.17) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से बाद) | 1.21 | 43.04 | (12.38) | 44.25 | (329.69) | (803.17) |
| 4 | कर से बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से बाद) | 13.31 | 43.04 | (12.38) | 56.35 | (329.69) | (817.27) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 13.31 | 43.04 | (12.38) | 56.35 | (329.69) | (804.36) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेसं शीट में दर्शाये अनुसार | | | | | | |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रू. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | 1. वेसिक | 0.33 | 0.26 | (0.07) | 0.33 | (1.96) | (4.86) |
| | 2. डायल्युटेड | 0.33 | 0.26 | (0.07) | 0.33 | (1.96) | (4.86) |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही और आधे वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्वॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.pearlpet.net पर उपलब्ध हैं।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
हस्ता/–
(उदित सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबध निदेशक
डीआईएन : 00005403

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10 नवम्बर 2023



D. D. VENTURES LIMITED

CIN: L50102DL1984PLC017834

Regd. Office : B-8, Mayapuri Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110064

Email: a.bhaskar@ddmotors.net, Website: www.ddventures.in, Ph: 011-46205400

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED SEPTEMBER 30, 2023

(₹ in Lakhs)

| Sl No. | Particulars | Quarter Ended 30/09/2023 (Unaudited) | Quarter Ended 30/06/2023 (Unaudited) | Year Ended 31/03/2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 49.95 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.11) | (1.14) | (3.56) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.11) | (1.14) | (3.56) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.11) | (1.14) | (3.56) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) & Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.11) | (1.14) | (3.56) |
| 6 | Equity Share Capital | 94.60 | 94.60 | 94.60 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | (94.62) | (94.62) | (94.62) |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | |
| | 1. Basic : | (0.12) | (0.12) | (0.38) |
| | 2. Diluted : | (0.12) | (0.12) | (0.38) |

Note: The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.09.2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in.

For and on behalf of the Board of
D. D. Ventures Limited
Sd/-
S D Sharma (Director)
DIN: 07422151

Date: 10.11.2023
Place: New Delhi



सूर्या इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः बी–1/एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
सीआईएनः L74899DL1985PLCO19991, फोनः +91 11 42504115; फैक्सः +91 11 28898016,
ईमेलः cs@haldiram.com; वेबसाइटः www.suryaindialtd.com

30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के सार
(राशि (लाख में, जब तक कि अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया हो)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.09.2023 | 30.09.2022 | समाप्त छमाही 30.09.2023 | 30.09.2022 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | (अलेखापरीक्षित) | | | |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 106.84 | 98.54 | 198.83 | 184.50 |
| 2 | अवधि के लिए कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) | 32.43 | 9.22 | 42.03 | 0.69 |
| 3 | अवधि के लिए कर, असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 32.43 | 9.22 | 42.03 | 0.69 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) और असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद | 25.53 | 6.37 | 32.13 | 0.69 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं) | 27.87 | 8.17 | 34.47 | 4.28 |
| 6 | प्रदत इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–) | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | आरक्षित (इसमें पुनर्मूल्यांकन आरक्षित शामिल है) जैसा पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/–) (जारी और बंद परिचालन के लिए) – | - | - | - | - |
| | 1. मूल (रुपयों में): | 0.37 | 0.09 | 0.46 | 0.01 |
| | 2. परिसमाप्त (रुपयों में): | 0.37 | 0.09 | 0.46 | 0.01 |

नोट्सः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही और छमाही समाप्ति के वित्तीय परिणामों के समय–समय पर यथासंशोधित विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध हैं।
2) उपरोक्त अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा समिति द्वारा 10.11.2023 को आयोजित बैठक में की गई है और उसके बाद 10.11.2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा उसे अनुमोदित कर दिया गया है।
3) पिछली तिमाही के आंकड़ों को आवश्यकतानुसार पुनर्समूहित और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00011450

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 10.11.2023


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109